केंद्र सरकार तीन तलाक पर ड्रामा क्यों कर रही है? शुक्रवार को राज्यसभा में 2.30 बजे के बाद 'प्राइवेट मेंबर बिल डे' होता है तो जानबूझकर इसी दिन तीन तलाक बिल क्यों लाया गया? ——— संजय सिंह, आप सांसद

छात्रा के साथ रिश्तेदार ने किया दुष्कर्म

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

पूर्वी दिल्ली।

विवेक विहार थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा को उसका दूर का रिश्तेदार स्कूल की छुट्टी के बाद अपने साथ किसी परिचित के घर ले गया, जहां उसने छात्रा को नशीला पेय पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता घर पहुंची, लेकिन उसने डर की वजह से अपने परिजनों को इस बारे में नहीं बताया।

वारदात के बाद से वह सदमे में थी। शुक्रवार को छात्रा स्कूल पहुंची तो वह पूरी तरह से अवसाद में आ चुकी थी और उसने स्कूल की दूसरी मंजिल से कूदकर खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद अन्य छात्राओं ने उसे बचा लिया। इसके बाद मामले की सूचना स्कूल प्रशासन को दी। प्रशासन ने इस बात की जानकारी छात्रा के परिजनों को दी। पूछताछ में छात्रा ने परिजनों के वारदात के बारे में बताया। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

शनिवार को फतेहपुरी मस्जिद से लाल किला तक तिरंगा मार्च निकालतीं मुस्लिम महिलाएं। फोटो : एसएनबी

इको कार में लगी आग चालक जिंदा जला

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

शुक्रवार देर रात अखबार लेकर जा रही एक इको कार में अचानक आग लग गई। आग से कार का लॉकिंग सिस्टम जाम हो गया और कार चालक कार में ही फंस कर जिंदा जल गया। घटना दक्षिणी दिल्ली के अम्बेडकर नगर थाना इलाके के शेख सराय रेड लाइट के पास की है। इसकी सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ दमकलकर्मी भी पहुंच गए और थोड़ी देर में ही आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है।

पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार मृतक की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी सुमित (23) के रूप में हुई। जांच में पता चला कि मृतक नोएडा से अखबार लेकर गुरुग्राम जा रहा था। कार की हालत देखने के बाद पुलिस ने यह आशंका जताया है कि हादसा किसी अन्य वाहन के साथ टक्कर के कारण हुआ होगा। उक्त इको कार सीएनजी से चलने वाली कार थी।

नोएडा से अखबार लेकर गुरुग्राम जा रही थी कार

बीआरटी रोड के पास शेखसराय रेड लाइट पर हुआ हादसा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात दस बजे के आसपास की है, जब स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि बीआरटी रोड के पास शेखसराय रेड लाइट पर एक इको कार में आग लग गई है और कार का चालक अंदर फंस गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचकर कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद कार से कार चालक को अचेत अवस्था में निकालकर सफदरजंग अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से जल चुका था। जांच के दौरान पुलिस ने कार में हिन्दी दैनिक अखबार का बंडल पाया। कार नंबर से पता चला कि उक्त कार वेस्ट ज्योति नगर निवासी जसप्रीत कौर की है। पुलिस अखबार के नोएडा स्थित कार्यालय सम्पर्क कर इको कार के ठेकेदार नवीन कुमार का पता लगाया। जिसने मृतक की पहचान सुमित के रूप में की। उसने बताया कि उक्त कार को बीते पांच-छह माह से सुमित चला रहा था। पुलिस ने परिजनों से सम्पर्क साधकर उन्हें हादसे की जानकारी दी।

बस की टक्कर से ग्रामीण सेवा चालक की मौत

नई दिल्ली (एसएनबी)। थाना कालकाजी के तहत नेहरू प्लेस के पास एक बस ने ग्रामीण सेवा को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से ग्रामीण सेवा चालक की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान शाहिद खान के रूप में की गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शाहिद को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और इस संदर्भ में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी बस चालक की पहचान करने के लिए पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

लूट का विरोध करने पर डॉक्टर को बदमाशों ने पीट-पीटकर किया अधमरा

नई दिल्ली (एसएनबी)। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बाइक सवार डॉक्टर ने जब लूट का विरोध किया तो बदमाशों ने उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद उसकी बाइक और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की शिनाख्त मो. मजहर खान (30) के रूप में हुई। पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार मो. मजहर खान यमुना विहार में रहता है और डॉक्टर है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी बाइक से अपने पिता को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर गया हुआ था। वापसी में जब देर रात 11.55 बजे के करीब कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के पास शामनाथ मार्ग से यू टर्न लिया तो इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया। रुकते ही बदमाशों ने उसे पीटना शुरू कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। होश आने पर देखा तो बाइक व मोबाइल गायब थे। किसी तरह उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की वजह से कई ट्रेनों का रूट परिवर्तन या रद्द

नई दिल्ली (एसएनबी)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर पुरानी दिल्ली से शाहदरा स्टेशनों के बीच रेल यातायात सुबह 6.45 बजे से 8.30 बजे तक अस्थायी रूप से बाधित रहेगा। इस दौरान इस रूट से होकर आवाजाही करने वाली डेढ़ दर्जन ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार 15 अगस्त को गाजियाबाद-दिल्ली ईएमयू (64437), दिल्ली-गाजियाबाद ईएमयू (64402) रद्द रहेगी। दिल्ली-अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस, दिल्ली-कोटद्वार गढ़वाल एक्सप्रेस व कालका-हावड़ा मेल को उस दिन परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-तिलक ब्रिज से होकर चलाया जाएगा। सोनीपत-दिल्ली के बीच चलने वाली साहिबाबाद ईएमयू सब्जी मंडी-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद होकर चलाया जाएगा।

पुरानी दिल्ली से शाहदरा के बीच ट्रेनों का परिचालन रहेगा बाधित

प्रतापगढ़-दिल्ली के बीच चलने वाली पद्मावत को शाहदरा पर रोककर चलाया जाएगा। आजमगढ़-दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस, मसूरी एक्सप्रेस को साहिबाबाद स्टेशन पर रोककर चलाया जाएगा। अवध-असम एक्सप्रेस स्वतंत्रता दिवस समारोह के समाप्त होने के बाद पुरानी दिल्ली से चलेगी। इसके अलावा दिल्ली से शामली, सहारानपुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को भी कार्यक्रम की वजह से समय से पहले व कुछ ट्रेनों को समय से बाद में चलाया जाएगा। कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है।

राजधानी में आज हल्की बारिश के आसार

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी का मौसम रविवार को बादलों के नाम रहेगा तो वहीं कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। शनिवार का दिन उमस भरा रहा और तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत और 63 प्रतिशत के बीच रहा। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस सीजन में सामान्य से एक डिग्री अधिक था। विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक शनिवार को सफदरजंग वेधशाला में रात भर 45.4 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पालम वेधशाला में 0.6 मिमी बारिश दर्ज की गयी। लोधी रोड, रिज और आया नगर क्षेत्रों में क्रमशः 38 मिमी, 2.6 मिमी और 1.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

बीमार गाय हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट व पथराव

पूर्वी दिल्ली (एसएनबी)। गाजीपुर फर्नीचर मार्केट क्षेत्र में बीमार गाय को हटाने को लेकर दो पक्षों में हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट व पथराव हुआ, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लालबहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस, आरपीएफ व सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार सिंह के मुताबिक खिचड़ीपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अस्पताल के पास फर्नीचर मार्केट के पास कई गौशालाएं हैं। आज एक बीमार गाय गोशाला के पास बीमार हालत में पड़ी देख खिचड़ीपुर के काफी लोग वहां पहुंच गए और गोशाला के पशुपालकों से इसे यहां से हटाने को कहा, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए हटाने से इनकार कर दिया कि गाय उनकी नहीं है। इससे गुस्साए लोगों ने पशुपालकों के साथ गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। इसमें कुछ लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से वापस आए तो मामले ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया। गांव के लोगों ने पशुपालक पक्ष पर लाठी-डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया और उनके एक घर में रखे सामान को तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

तबादला को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से मिले शिक्षक

पूर्वी दिल्ली (एसएनबी)। पूर्वी दिल्ली नगर निगम की विभिन्न शिक्षक यूनियनें प्रदेश भाजपाध्यक्ष व मनोज तिवारी के नार्थ एवेन्यू में लगने वाले जनता दरबार में पहुंचकर तबादला रुकवाने की मांग की। तिवारी ने शिक्षकों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि वे निगम नेताओं व अफसरों से बात कर समाधान का प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि 347 शिक्षक तबादला रुकवाने को लेकर महापौर से मिले थे। महापौर के दखल के बाद तबादले पर 10 अगस्त तक मौखिक रूप से रोक लगा दी गई थी। 13 अगस्त को शिक्षकों को नए स्कूल में ज्वाइन करना है। इसको लेकर शिक्षकों ने आज प्रदेश भाजपाध्यक्ष मनोज तिवारी से मुलाकात की। शिक्षक नेता गिरिराज रावत, जयभगवान यादव, रामनिवास सोलंकी, महिपाल मावी, विभा सिंह और सतेन्द्र नागर का कहना है कि वह शिक्षकों का तबादला किए जाने का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसके लिए सही समय का चयन नहीं किया गया है।

डूसिब के शौचालयों को चमकाने की तैयारी में सरकार

■ श्रावणी मिश्रा भूपति

नई दिल्ली।

दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी शौचालयों की जल्द ही तस्वीर बदलने वाली है। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) अपने सभी शौचालयों की साफ-सफाई का तरीका हाईटेक करने जा रहा है। इस महीने के आखिर तक डूसिब के शौचालयों में हाइटेक मशीने लगा दी जाएंगी। साथ ही हरेक शौचालय में काम करने वाले स्टाफ की भी बढ़ोतरी की जाएगी। शौचालयों की साफ सफाई में कोताही न हो उसके लिए विभाग की ओर से मॉनिटिरिंग टीम भी बनाई जाएगी। बोर्ड इसकी जिम्मेदारी 4 नई अलग-अलग एजेंसियों को देने जा रहा है जिसमें से दो फाइनल हो चुकी हैं और दो की प्रक्रिया अभी जारी है।

हाईटेक मशीन से होगी शौचालयों की सफाई : डूसिब के शौचालयों की साफ-सफाई को दुरुस्त करने के लिए बोर्ड ने हाइटेक मशीनों का सहारा लेने का निर्णय किया है। इन मशीनों के इस्तेमाल से समय की बचत के साथ-साथ सफाई भी बेहतर तरीके से हो सकेगी। बोर्ड के मुताबिक जिस तरह से लोग मॉल के शौचालयों में जाने से नहीं हिचकते ठीक उसी तरह से डुसिब के शौचालयों को भी मशीनों की मदद से साफ-सुथरा रखा जाएगा ताकि लोगों को नाक न बंद करनी पड़े।

बढ़ाई जाएगी मैनपॉवर : डूसिब के शौचालयों में मैनपॉवर की कमी होने से सफाई

इस महीने के आखिर तक डूसिब के शौचालयों में हाइटेक मशीने लगा दी जाएंगी

मानिटरिंग कमेटी शौचालयों की स्वच्छता पर निगरानी रखेगी

प्रभावित होती है। नए टेंडर के अंतर्गत सभी जिम्मेदार एजेंसियां शौचालयों में काम करने वाले कर्मियों की संख्या बढ़ाएंगी। फिलहाल हरेक शौचालय में 1 या दो स्टाफ तैनात है।

सभी स्टाफ को मिलेगी बेहतर सैलरी : इस बदलाव के अंतर्गत शौचालयों में काम करने वाले स्टाफ के वेतन को भी ध्यान में रखा गया है। बोर्ड के मुताबिक सभी एजेंसियों को अपने स्टाफ के वेतन देने के समय लेबर लॉ का पूरा पालन करना अनिवार्य होगा। वरना दोषी पाए गई एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड ने बताया कि इस बात का ख्याल रखते हुए टेंडर के समय ही सारे नियम आवेदकों के समक्ष रख दिए गए थे।

मॉनिटरिंग के लिए गठित होगी टीम : बोर्ड ने बताया कि शौचालयों की सफाई को लेकर अक्सर शिकायत आती है जिसे ध्यान में रखते हुए बोर्ड एरिया के मुताबिक मॉनिटरिंग टीम भी गठित करेगी ताकि सभी शौचालयों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जा सके। काम सही न होने पर पैनेल्टी का भी प्रावधान होगा।

पहली तारीख से शौचालयों का शुल्क समाप्त : डूसिब के सीईओ शूरवीर सिंह ने बताया है कि पूरी दिल्ली में तकरीबन 700 शौचालय हैं जिसकी पूरी जिम्मेदारी बोर्ड की है। इस साल की पहली तारीख से ही सभी शौचालय लोगों के लिए मुफ्त कर दिए गए हैं। सिंह ने बताया कि चार ब्लॉक में बांट कर ये काम किया जाएगा। इस महीने के आखिरी तक 2 ब्लॉक के शौचालयों में फर्क दिखने लगेगा। बाकी के 2 ब्लाक की प्रक्रिया जल्द पूरी कर दी जाएगी।

गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग,पांच झुलसे

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

सरिता विहार थाना क्षेत्र के आली गांव में शनिवार सुबह गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। इसकी चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए, इसमें जयपाल की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में तीन बच्चे और एक नाबालिग भी शामिल है, जिनकी हालत खतरे से बाहर है।

पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह सवा नौ बजे सूचना मिली कि आली गांव स्थित झुग्गियों में आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग में फंसे सभी लोगों को बाहर निकालकर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 50 फीसद तक जले जयपाल (50) की हालत गंभीर बनी हुई है। नेहा (3) 15, लक्ष्मण (2) 15, अरफान (6) 20 और सचिन (17) 25 फीसद तक जले हैं। इन सभी की हालत खतरे से बाहर है।

लापता महिला की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नामः** कृष्णा, **पत्नीः** श्री पप्पू कश्यप, **पताः** मकान नं. 655, गली नं. 5, पंजाबी बस्ती, आनंद पर्वत, दिल्ली, **उम्रः** लगभग 47 साल, **कदः** 5 फीट, **रंगः** गेहूँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मजबूत, **पहनावाः** नीले रंग का सूट–सलवार व पैरों में चप्पल पहनी हुई, जो दिनांक 01.07.2018 को समय लगभग 12 बजे, थाना आनंद पर्वत, दिल्ली अपने घर से लापताहो गई है।

इस संदर्भ में DD No. 28-A, दिनांक 03.08.2018 थाना आनंद पर्वत, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना आनंद पर्वत, दिल्ली
फोनः Ph. 011-28762468, 28764807
DP/5683/CD/18

अनुसूची ।।
प्रपत्र बी
सार्वजनिक उद्घोषणा
(इन्सॉल्वैन्सी एंड बैंकरप्सी (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 12)
कारनेशन ऑटो इण्डिया प्रा. लि. (सीडी) के स्टेकधारियों के ध्यानार्थ

1.	कार्पोरेट ऋणधारक का नाम	कारनेशन ऑटो इण्डिया प्रा. लि.
2.	कार्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	03-01-2008
3.	वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार दिल्ली
4.	कार्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U34200DL2008PTC172214
5.	कार्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	पंजीकृत कार्यालय का पता: 11/3, द्वितीय तल, पार्क रोड दियामनी 5 ईस्ट पटेल नगर, कॉर्प. बैंक एटीएम के पास, नई दिल्ली –110008 प्रधान कार्यालय का पता: प्लॉट नं. ए–110, सैक्टर–05, नोएडा–20101, यू.पी
6.	इन्सॉल्वैन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि	01 अगस्त, 2018
7.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का परिसमापन शुरू होने की तिथि	01 अगस्त, 2018
8.	परिसमापक का नाम, पता, ईमेल पता, टेलीफोन नम्बर तथा पंजीकरण संख्या	नाम: अरविन्द गर्ग पता : 302–ए, पालमोहन प्लाजा, देशबंधु गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 ईमेल पता: arvindgarg.carnation@gmail.com पंजीकृत ईमेल: arvindgarg31@gmail.com फोनः 011- 47724484-85 आई पी पंजीकरण नं. IBBI/IPA-003/IP-N00029/2017-2018/10189
9.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	01 सितम्बर, 2018

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली बेंच – ।।, ने 01 अगस्त, 2018 को कारनेशन ऑटो इण्डिया प्रा. लि. (सीडी) का परिसमापन शुरू करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा कारनेशन ऑटो इण्डिया प्रा. लि. (सीडी) के स्टेक धारकों को निर्देश दिया जाता है कि ऊपर मद 8 के समक्ष वर्णित पते पर परिसमापक के पास 1 सितम्बर, 2018 को या उससे पूर्व अपने दावे का प्रमाण जमा करें।

वित्तीय क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धत्ति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी स्टेकधारक व्यक्तिगत या डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।

दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जायेगा।

दिनांक 11.08.2018
स्थान : नई दिल्ली

परिसमापक का नाम तथा हस्ताक्षरः
अरविन्द गर्ग

डायबिटिक रेटिनोपैथी से जूझ रहे मरीजों की दिक्कतें बढ़ीं

■ ज्ञानप्रकाश

नई दिल्ली। एसएनबी

गुरुतेग बहादुर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में आने वाले मधुमेह पीड़ित नेत्र रोगियों की दिक्कते थमने का नाम हीं नहीं ले रही है। नेत्र रोग डायबिटिक रेटिनोपैथी मरीजों की न तो यहां सर्जरी की जा रही है और न ही ओपीडी बेस्ड लगने वाले इंजेक्शन ही लगाए जा रहे हैं।

अनुमान है कि यहां की ओपीडी में रोजाना 200 से 300 मरीज नेत्र विकृतियों संबंधी रोग के इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें से 50 से 60 मरीज ऐसे होते हैं जो लंबे समय से डायबिटिक रेटिनोपैथी की गिरफ्त में होते हैं। उनकी दृष्टि विकृति के ग्राफ को सामान्य करने के लिए एवेस्टिन (बीवैसीजुमैब) इंजेक्शन लगाया जाता है। जो संक्रमण की रफ्तार को कम कर देता है।

जीटीबी हास्पिटल, गुरुनानक नेत्र चिकित्सालय में नहीं है इंजेक्शन

स्वास्थ्य विभाग ने एवेस्टिन (बीवैसीजुमैब) इंजेक्शन की आपूर्ति रोकी

पिछले दिनों इस इंजेक्शन से 22 मरीजों की आंखें हो गई थीं संक्रमित

रोशनी देने वाली नब्ज और पुतलियों को सुरक्षा भी प्रदान करता है। पिछले दिनों इस इंजेक्शन को लगाने के बाद 22 मरीजों की आंखें संक्रमित हो गई थी। इंजेक्शन की गुणवत्ता में कमी पाने जाने के बाद अस्पताल प्रशासन ने इनकी आपूर्ति रोक दी है। इससे करीब 10 हजार से अधिक मरीजों बाजार से महंगे दर पर इंजेक्शन लगाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. सुनील कुमार गौतम ने कहा कि फिलहाल दवा की आपूर्ति रोक दी गई है। जल्द ही दूसरी फार्मास्यूटिकल कंपनी से दवाओं की आपूर्ति कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग अनुमति प्रदान करेगा।

gyaanrs2007@gmail.com

हम जाएं तो जाए कहां

रोगियों की दिक्कत यह है कि दूसरी दवा आपूर्तिकर्ता कंपनी को अब तक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने का खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं अस्पताल में काली मोतिया की जांच की सुविधा भी इस समय नहीं है। बताया जा रहा है कि पिछले तीन साल से यहां काली मोतिया की जांच करने वाली मशीन खराब है, इसलिए ऐसे मरीजों की न जांच हो पाती है और न ही उनका इलाज हो पाता है। दूसरे अस्पतालों में भी यह दवा नहीं है। गुरु नानक नेत्र चिकित्सालय में भी रेटिनोपैथी के इंजेक्शन नहीं हैं। एम्स और सफदरजंग अस्पताल में मरीजों का पहले से क्षमता से कई गुना दबाव रहता है।

घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते बनीं चोर

नई दिल्ली (एसएनबी)। आर्थिक स्थिति व पति के नशे का आदी होने के चलते तीन महिलाएं घर चलाने के लिए मेट्रो में चोरी करने लगीं। इन्होंने हाल ही में मेट्रो में सवार दो महिलाओं के बैग की चेन खोलकर लगभग ढाई लाख रुपए कीमत के गहने और 30 हजार चुरा लिए थे। पुलिस ने मेट्रो में लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से तीनों आरोपियों को आनंद पर्वत क्षेत्र से गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी का माल बरामद कर लिया। आरोपियों की शिनाख्त रीता (45), पूनम (22) व सुमन (22) के तौर पर हुई है।

पुलिस के मुताबिक सात अगस्त को आंध्र प्रदेश निवासी महिला अपनी रिश्तेदार की बहन के साथ राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से अक्षरधाम मंदिर जा रही थी। इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन से सवार तीनों महिलाओं ने उनके बैग की चेन खोलकर गहने व 30 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता जब अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन पर उतरी तो उसे वारदात का पता चला। पीड़िता की शिकायत पर यमुना डिपो मेट्रो थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को आनंद पर्वत क्षेत्र से दबोच लिया।

आतंकवाद-पत्थरबाजों को करारा जवाब है फिल्म 'करीम मोहम्मद'

नई दिल्ली (एसएनबी)। आतंकवाद पर तो कई फिल्में बनी हैं लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है कि कश्मीर में पत्थरबाजी करने वालों को करारा जवाब देने के लिए रवीन्द्र सिंह राजावत ने फिल्म 'करीम मोहम्मद' का निर्माण किया है, जो 24 अगस्त को देशभर में रिलीज हो रही है। यह फिल्म पिता-पुत्र की कहानी की पृष्ठभूमि पर बनी है और इसमें करीम मोहम्मद का किरदार जानेमाने अभिनेता यशपाल शर्मा ने निभाया है।

प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फिल्म के नायक यशपाल शर्मा ने कहा कि यह फिल्म आतंकवाद और पत्थरबाजों को करारा जवाब देती है। उन्होंने कहा कि फिल्म देखने के बाद लोगों की सोच बदल जाएगी। करीम मोहम्मद जो एक देशभक्त है, अपने बच्चों को देशभक्ति और देश से प्यार करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म आतंकवाद के खिलाफ सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि कश्मीर और राम मंदिर कि समस्या आज से 10 साल बाद भी नहीं सुलझेगी। यह दोनों ही हमेशा चुनावी मुद्दा बने रहेंगे। यशपाल शर्मा ने कहा कि यह सब राजनीतिक पार्टियों के चुनावी मुद्दे होते है।

यशपाल शर्मा ने कहा कि आजकल लोग किसी भी विषय को दबाकर नहीं रखते बल्कि उस पर इतनी चर्चा करते हैं कि उसका कुछ न कुछ निष्कर्ष निकल ही जाता है। यह

कश्मीर और राम मंदिर चुनावी मुद्दा हैं और हमेशा बने रहेंगे : यशपाल शर्मा

24 को होगी देशभर में रिलीज

अच्छी बात है कि गलत चीजों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश हो रही है। फिल्म के निर्माता रवीन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि यह फिल्म जमीर की बात करती है। कश्मीर के बारे में बात करते हुए बहुत से लोगों को पता ही नहीं है कि वहां ऐसे भी लोग हैं जो अपने देश से प्रेम करते हैं। वह आतंकवाद से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह फिल्म लोगों की सोच बदलेगी। फिल्म का निर्देशन पवन कुमार ने किया है। फिल्म में अन्य कलाकारों में हर्षित राजावत, अलका अमीन, राजेश जैश आदि शामिल हैं।

फिल्म 'करीम मोहम्मद' के रिलीज होने से पहले प्रेसवार्ता में अभिनेता यशपाल शर्मा व अन्य। फोटो : एसएनबी